

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

जो हम खुशी से सीखते हैं उसे हम कभी नहीं भूलते।' – अल्फ्रेड मर्सिएर

संपादक : सत्यन्द्र राजवंशी   मो. 9587570001   Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शुक्रवार 08 मई 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


## केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का हो प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन

### केन्द्रीय मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में 'दिशा' की मैराथन बैठक आयोजित



(समाचार केन्द्र)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' समिति की मैराथन बैठक हुई। इस दौरान मेघवाल ने केन्द्र सरकार प्रवर्तित 61 योजनाओं सहित राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, जिले में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए, जिससे अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित अत्यंत महत्वाकांक्षी तथा फ्लेगशिप योजना है। उन्होंने जिला कलक्टर को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। मेघवाल ने कहा कि नाल एयरपोर्ट से बीकानेर आने वाले रास्ते को साफ-सुथरा, स्वच्छ रखने के साथ यहां पौधारोपण, लाइटिंग, आकर्षक चित्रकारी की जाए। उन्होंने कहा कि इसे 'डेजर्ट भी, कल्चर भी' की तर्ज पर विकसित किया जाए। उन्होंने सीकर-बीकानेर रोड को फोरलेन करने की दिशा में सकारात्मक और गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय मंत्री ने जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलम्ब बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने पीबीएम अस्पताल के अपग्रेडेशन तथा यहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के उद्देश्य से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिले में एनीमिया के विरूद्ध अभियान चलाने तथा जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए यहां सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में भी पर्याप्त चिकित्सक रहें। उन्होंने शहरी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान की समीक्षा की तथा कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में बीकानेर को ऊपरी पायदान पर लाने के लिए टीम भावना से कार्य किया जाए।

**बीकानेर के लिए साबित होगा 'की' प्वाइंट**

मेघवाल ने बताया कि यूनाइटेड नेशन्स ने वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय चारागाह एवं पशुपालक वर्ष के रूप में मनाया जाना निश्चित किया है। वहीं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा बीकानेर को ग्रासलैंड और चारागाह विकास के लिए चयन किया है। यह बीकानेर के लिए 'की पॉइंट' साबित होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर बीकानेर के समस्त आईसीएआर संस्थान तथा वेटरनरी और कृषि विश्वविद्यालय, जिले में चारागाह विकास के लिए संयुक्त कार्य करेंगे, इसी क्रम आईजीएफआरआई के निदेशक पंकज कौशल ने वैज्ञानिकों के साथ बीकानेर में एक ब्रेन स्ट्रॉमिंग सेशन आयोजित किया हे। मेघवाल ने बताया कि वर्ष 2011 में बीकानेर में 79 हजार हैक्टर ग्रीनलैंड था, जो वर्तमान में घटकर 49 हज़ार हैक्टर के आसपास रह गया है। ऐसे में इसमें पुनः वृद्धि के उद्देश्य सेअंतरराष्ट्रीय चारागाह एवं पशुपालक वर्ष के तहत बीकानेर में ग्रासलैंड के विकास की अपार संभावनाएं हैं, जो कि स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि बीकानेर के एयरपोर्ट को जल्दी ही वृहद् रूप दिया जाएगा। इसके लिए उच्च स्तर पर सभी तैयारियां कर ली गई है। आने वाले समय में बीकानेर से लम्बी दूरी की हवाई सेवाएं उपलब्ध हो पाएंगी।

केन्द्रीय मंत्री ने जिले के 17 विद्यालयों को पीएमश्री विद्यालय के रूप में चयनित होने के बाद आए सकारात्मक परिणाम के बारे में जाना। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के क्रियान्वयन और यूडीआईडी योजना के तहत जारी होने वाले विशेष दिव्यांगता प्रमाण पहचान पत्र के बारे में जाना। उन्होंने खारा औद्योगिक क्षेत्र में पीओपी फैक्ट्रियों के कारण बढ़ने वाले प्रदूषण बढ़ने की शिकायत के मद्देनजर इसे रोकने के प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा। साथ ही बीछवाल और करणी औद्योगिक क्षेत्र के एसटीपी को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री ने राज्य सरकार के गिव अप अभियान की समीक्षा की और कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान की सराहना हुई है।

मेघवाल ने बताया कि खेल मंत्रालय द्वारा बीकानेर में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोले जाने की सैद्धांतिक सहमति दे दी है। यहां साई के प्रशिक्षकों द्वारा साइक्लिंग के नवोदित खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण सहित विभिन्न सुविधाएं मिलेंगी। यह जिले के खेलप्रेमियों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। उन्होंने बताया कि इसे जल्दी ही मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने ई-श्रम पोर्टल पर लक्ष्य के अनुरूप श्रमिकों का पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीबी-जी-रामजी योजना से आने वाले दो-तीन वर्षों में गांवों की तस्वीर बदल जाएगी। इसके तहत गांवों में पक्के काम भी हो सकेंगे। उन्होंने स्वामित्व योजना को केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताया तथा इसका प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि गांवों में बने सामुदायिक शौचालयों को प्रभावी उपयोग हो। इसके लिए ग्राम विकास अधिकारियों को पाबंद किया जाए। साथ ही नए शौचालयों के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जाए, जहां इनका अधिक से अधिक उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र को कंपनियों के सीएसआर मद का लाभ मिले, इसके मद्देनजर जिला प्रशासन की मध्यस्थता में इनकी बैठक हो। मेघवाल ने नाइट टूरिज्म विकास के तहत पूगल क्षेत्र में स्टार गेजिंग एरिया विकसित करने की दिशा में अब तक की कार्यवाही की जानकारी दी।

केन्द्रीय मंत्री ने नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित रिसाइकिल जोन के बारे में जानकारी दी और कहा कि उच्च स्तर पर इस दिशा में भी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने शहर के ट्रेफिक मैनेजमेंट पर भी चर्चा की और कहा कि इसमें सुधार के साथ समय की आवश्यकता के अनुरूप विकसित करने के लिए कहा। शहर में जल्दी ही चलने वाले ई-बसों के लिए रूट निर्धारित करने तथा यातायात प्रबंधन की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, निक्षय मित्र सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एनीमिया की जांच करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके तहत स्कूलो में भी विशेष शिविर लगाए जाएं।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि नहरबंदी के बचे हुए समय में विभागीय अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। टैंकर्स के माध्यम से जल वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रखें। जल जीवन मिशन के कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए सहायक अभियंताओं को मॉनिटरिंग के लिए पाबंद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पीबीएम अस्पताल के आपातकालीन वार्ड और ट्रोम सेंटर में राउंड दा क्लॉक विशेषज्ञ और वरिष्ठ चिकित्सकों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए आदेश जारी किए जाएं।

गोदारा ने कहा कि बीकानेर में स्थापित आईसीएआर के समस्त संस्थानों का किसानों और पशुपालकों को लाभ हो, इसके मद्देनजर इन्हें गतिविधियां बढ़ाने के लिए निर्देशित किया जाए। उन्होंने कहा कि बीकानेर में मुंगफली की पैदावार बहुतायत में होती है। इसका अधिक से अधिक एक्सपोर्ट हो, इस दिशा में कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के तहत प्रदेश के 82 लाख लोगों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ा, जिससे अब तक 81लाख से अधिक पात्र जनों को योजना का लाभ दिया जा सका है। बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक सुश्री सिद्धिकुमारी पीबीएम अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित करने, खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने पीएम फसल बीमा योजना के तहत पात्र किसानों को समयबद्ध लाभ दिलाने, बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र विधायक जेठानंद व्यास ने टैंकर्स के माध्यम से जल परिवहन पर निर्धारित से अधिक राशि वसूले जाने पर कार्यवाही करने, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने जल जीवन मिशन के तहत घर-घर कनेक्शन करने तथा कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने जल परिवहन करने वाले टैंकर्स पर जीपीएस सिस्टम लगाने एवं इनकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने की बात कही।

जिला कलक्टर निशान्त जैन ने सभी अधिकारियों को केन्द्र और राज्य सरकार के समस्त दिशा-निर्देशों की समयबद्ध पालना के लिए निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रियंका तलानिया, दिलीप कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बांसवाड़ा, बीकानेर, जोधपुर, सीकर में डॉग बाइट व निराश्रित पशुओं के मामलों पर राज्यजीव जन्तु कल्याण बोर्ड सख्त

**बीकानेर (समाचार केन्द्र)।** राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड राजस्थान ने बीकानेर, सीकर, जोधपुर और बांसवाड़ा में बढ़ती डॉग बाइट घटनाओं, निराश्रित पशुओं की समस्या और पशु-पक्षियों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिला प्रशासन और विभागों को कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए हैं।

राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, जयपुर की ओर से 6 मई 2026 को जारी अलग-अलग पत्रों में जिला संयुक्त निदेशकों, पशुपालन विभाग एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समितियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार (एल्डब्ल्यूबीआई) के मानद प्रतिनिधि श्रेयांस बैद द्वारा भेजे पत्रों के आधार पर की गई है।

**डॉग बाइट और निराश्रित पशुओं पर चिंता**

बोर्ड की ओर से जारी पत्र में बीकानेर, बांसवाड़ा और सीकर जिलों में बढ़ती डॉग बाइट की घटनाओं, गौशालाओं के संचालन, निराश्रित पशुओं और चायनीज मांझे से होने वाली परेशानियों को लेकर चिंता जताई गई है।

संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। एक अन्य पत्र में बीकानेर और जोधपुर में निराश्रित पशुओं व श्वानों के कारण हो रही दुर्घटनाओं तथा चायनीज मांझे से होने वाली घटनाओं पर कार्रवाई की बात कही गई है। बोर्ड ने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करती रही है और उसी के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**कोडमदेसर तालाब और नापासर, लूणकरणसर के मामलों का भी जिक्र।**

राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड ने जोधपुर और बीकानेर के नापासर क्षेत्र से जुड़े मामलों को भी गंभीरता से लिया है पत्र में नापासर में पशु-पक्षियों के चुग्गा स्थल को अज्ञात लोगों द्वारा तोड़े जाने और बीकानेर के ऐतिहासिक कोडमदेसर तालाब की अव्यवस्थाओं का उल्लेख किया गया है वहीं लूणकरणसर में नंदी शाला एवं निराश्रित पशुओं से संबंधित उल्लेख है ।

इसके साथ ही पशु-पक्षियों और वन्य जीवों के पेयजल स्त्रोतों को लेकर भी कार्रवाई की मांग की गई है। बोर्ड ने बताया कि जोधपुर से जुड़े एक मामले में पहले ही 16 अप्रैल 2026 को निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

**संबंधित विभागों को जांच के निर्देश**

बोर्ड की ओर से जारी सभी पत्रों में संबंधित ई-मेल और परिवेदनाओं की जांच कर विभागीय स्तर पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया है। उपनिदेशक डॉ. पद्मचंद कानखेड़िया द्वारा प्रेषित निर्देशों के बाद मामले को लेकर पशुपालन विभाग और जिला प्रशासन स्तर पर हलचल तेज हो गई है।






## पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का इस्तीफा नहीं देने का दांव नहीं चला, राज्यपाल ने भंग कर दी बंगाल विधानसभा

**नई दिल्ली: एजेन्सी।** नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हारने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार करने वाली ममता बनर्जी का दांव नहीं चला। राज्यपाल आरएन रवि ने बंगाल विधानसभा को भंग कर दिया है। चार मई को आए चुनावी नतीजों में न सिर्फ ममता बनर्जी को भवानीपुर से हार का सामना करना पड़ा, बल्कि 15 सालों तक रही टीएमसी की सत्ता भी चली गई थी। भाजपा ने बंपर जीत हासिल करते हुए 207 सीटें हासिल की थी। एक आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार, राज्यपाल आरएन रवि ने पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद, सात मई से उसे भंग कर दिया है। वर्तमान विधानसभा का गठन मई 2021 में हुआ था, जब ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी थी। विधानसभा का भंग किया जाना हाल ही में संपन्न हुए दो चरणों के चुनावों के बाद मौजूदा विधानसभा के कार्यकाल की औपचारिक समाप्ति का प्रतीक है।

### चुनावी नतीजे लोगों का जनादेश नहीं, बल्कि साजिश थे:

आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद राज्य में एक संवैधानिक अनिश्चितता और राजनीतिक टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी। बनर्जी ने नतीजे को मनगढ़ंत बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि उनकी पार्टी भाजपा से नहीं, बल्कि चुनाव आयोग से लड़ रही है। हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, ''मैं इस्तीफा क्यों दूं? हम हारे नहीं हैं। जनादेश को लूट लिया गया है। इस्तीफे का सवाल ही कहां उठता है?'' उन्होंने कहा, 'मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि हम लोगों के जनादेश से नहीं, बल्कि एक साजिश की वजह से हारे हैं... मैं हारी नहीं हूं, मैं लोक भवन नहीं जाऊंगी। '

## हर धार्मिक प्रथा को कोर्ट में चुनौती ठीक नहीं

**नई दिल्ली एजेन्सी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को संवैधानिक अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और सभ्यता पर असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 40 साल पुरानी जनहित याचिका (PIL) की वैधता पर सवाल उठाए थे। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर हर व्यक्ति धार्मिक प्रथाओं पर सवाल उठाएगा, तो भारतीय समाज पर असर पड़ेगा, क्योंकि यहां धर्म समाज से गहराई से जुड़ा है। उन्होंने कहा, हर अधिकार पर सवाल उठेंगे-मंदिर खुलने या बंद होने तक के मामले कोर्ट में आएंगे। जस्टिस एम एम सुन्द्रेश ने कहा कि अगर ऐसे विवादों को लगातार अनुमति दी गई, तो हर व्यक्ति हर चीज पर सवाल उठाएगा। उन्होंने कहा कि इससे धर्म टूट सकते हैं और संवैधानिक अदालतों पर भी असर पड़ेगा।

**मामला दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ा**

यह मामला दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ा है। समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें 1962 के फैसले को चुनौती दी गई थी। उस फैसले में बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ एक्सकम्युनिकेशन एक्ट, 1949 रद्द कर दिया गया था। इस कानून के तहत किसी सदस्य को समुदाय से बाहर करना गैरकानूनी था। 1962 के फैसले में कहा गया था कि धार्मिक आधार पर किसी सदस्य को समुदाय से बाहर करना, समुदाय के धार्मिक मामलों के प्रबंधन का हिस्सा है।

# सीसीआई का रजत जयंती समारोह आयोजित






**नई दिल्ली श्रेयांस बैद।** उपभोक्ता मामले विभाग के अपर सचिव अनुपम मिश्रा ने सीसीआई के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन राजेंद्र भवन में किया ।

अपने संबोधन में मिश्रा ने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता, उपभोक्ता अधिकारों और उपभोक्ता सशक्तिकरण के क्षेत्र में सीडीआई के 25 वर्षों के योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि 25 वर्षों की यह यात्रा केवल समय का पड़ाव नहीं, बल्कि उपभोक्ता अधिकारों, जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों की कहानी है। उन्होंने उल्लेख किया कि 2019 में लागू किए गए Consumer Protection Act में CCI और अन्य उपभोक्ता संगठनों के सुझावों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कानून के तहत CCPA, class action, e-commerce और direct selling rules जैसी नई व्यवस्थाएँ लाई गईं, ताकि बदलते डिजिटल दौर में उपभोक्ताओं को बेहतर सुरक्षा मिल सके।

मिश्रा ने CCI के सदस्यों की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत बनाने में निरंतर योगदान दिया है और साथ ही 'Consumer Awareness Bharat Yatra' को भी उपभोक्ता जागरूकता फैलाने की एक प्रेरणादायक पहल बताया।

अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि National Consumer Helpline उपभोक्ता शिकायतों के समाधान में अहम भूमिका निभा रही है, जहां उपभोक्ता 1915, WhatsApp, ऐप और ऑनलाइन माध्यमों से 17 भाषाओं में शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

राजेंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन डॉ अनंत शर्मा ने कहा कि देश के 140 करोड़ उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के सुरक्षा की मशाल एवं जन चेतना को जगाने की दृष्टि से कन्फेडरेशन उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने के लिए पिछले 25 साल से कार्यकर्ताओं के साथ कड़ी से कड़ी मिलाकर कार्य कर रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति प्रमोद पंड्या ने कहा कि डॉ शर्मा के नेतृत्व में उपभोक्ता आंदोलन को तीव्र गति प्रदान करने की दृष्टि से पूरे देश में जागो ग्राहक जागो यात्रा निकालकर जन जागृति का संदेश दिया गया।

राष्ट्रीय महासचिव मुकेश वैष्णव ने कहा कि दिल्ली से शुरू हुई यात्रा ने देश के प्रत्येक भूभाग में बैठे उपभोक्ताओं को जागरूक करने का प्रयास किया।

सिल्वर जुबली कार्यक्रम में संपूर्ण देश से उपभोक्ता आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

देवेंद्र तिवारी, नेशनल प्रिंसिपल जनरल सेक्रेटरी एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी भूप सिंह पाल आगरा ने सभी का आभार प्रकट किया।

राजस्थान से प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता ज्योति गौड, सुभनेश पाराशर,मुमताज,अफसाना इत्यादि उपस्थित रहे।

# गौ सेवार्थ एवं अनाथ आश्रम में शिक्षक भादू द्वारा सहयोग राशि भेंट



(खबर आस पास)

**लूणकरणसर श्रेयांस बैद।** सेवा निवृत्ति और वैवाहिक वर्षगांठ जैसे विशेष अवसर -, को यादगार बनाते हुए शिक्षक ओमप्रकाश भादु ने समाजसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया उन्होंने अपनी जीवनभर की कमाई का हिस्सा गोसेवा और जनहित के कार्यों में समर्पित कर समाज के सामने एक मिशेल पेश करते हुए भादु ने गौ सेवार्थ जन हितार्थ सुंदरकांड समिति को 21,000 रुपये की सहयोग राशि भेंट की ।

सुंदरकांड समिति के अध्यक्ष श्रवण में तावणिया ने बताया कि इस अवसर कालू के पौ स्थित निर्माणाधीन चिकित्सालय ट्रस्ट को 1,01,000 रुपये तथा उन्होंने उज्ज्वल अनाथ आश्रम, गौशालाओं और बाबा रामदेव सेवा समिति सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं में भी उदारतापूर्वक दान देकर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई।

समिति के उपाध्यक्ष साहबराम कायल ने कहा कि शिक्षक भादु ने अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण दिन को सेवा और समर्पण के माध्यम से खास बनाकर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है। उनका यह कदम न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज में सेवा भावना को भी प्रोत्साहित करता है। भादु परिवार के इस सराहनीय योगदान की सभी ने प्रशंसा की ।

# हार्ट अटैक से बीएसएफ जवान सुल्तान सिंह का निधन, गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार







सुल्तान सिंह नटवाड़िया

**सीकर (खबर आस पास)।** सीकर जिले के खाटूश्यामजी सदर थाना क्षेत्र के सांवलपुरा गांव निवासी क्क्स्त्र जवान सुल्तान सिंह नटवाड़िया (33) का हार्ट अटैक से निधन हो गया। गुरुवार को उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। छोटे भाई महेश नटवाड़िया ने उन्हें मुखाग्नि दी।

जवान की पार्थिव देह गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। मां मनकोरी देवी बेटे के शव को देखकर बिलख पड़ीं। हाथ जोड़कर रोते हुए उन्होंने कहा– 'हे मेरे बेटे सुल्तान, अब मैं क्या करूंगी।' मां की इच्छा पर जवान का अंतिम संस्कार खुले मैदान के बजाय परिवार के खेत में किया गया।

अंतिम संस्कार से पहले खाटूश्यामजी सदर थाना से सांवलपुरा गांव तक करीब 5 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और जवान शामिल हुए। पूरे गांव में 'भारत माता की जय' और 'सुल्तान सिंह अमर रहें' के नारे गूंजते रहे।

पत्नी रेशमा देवी पति की पार्थिव देह देखकर बेसुध हो गईं। मौजूद महिलाओं और परिजनों ने उन्हें संभाला। वहीं दोनों बेटियां गुंजन (10) और मीनाक्षी (7) पिता को निहारती रहीं। तीन महीने का बेटा देवांश परिजनों की गोद में मासूमियत से सोता रहा।

परिजनों ने बताया कि सुल्तान सिंह करीब 8 साल पहले क्क्स्त्र में भर्ती हुए थे और वर्तमान में गुजरात के गांधीधाम में क्क्स्त्र की 90वीं बटालियन में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात थे। सोमवार रात ड्यूटी के दौरान उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया। तबीयत बिगड़ने पर वे कमरे के बाहर आकर बैठ गए, जहां उनकी मौत हो गई।

मंगलवार सुबह साथी जवानों ने उन्हें आवाज दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई।

बताया जा रहा है कि करीब दो महीने पहले ही सुल्तान सिंह छुट्टी लेकर गांव आए थे। 10 मार्च को उनके तीन महीने के बेटे देवांश का जलवा पूजन कार्यक्रम भी हुआ था। सुल्तान सिंह इससे पहले मणिपुर और पश्चिम बंगाल में भी सेवाएं दे चुके थे। परिवार में पिता हरलाल सिंह नटवाड़िया, मां मनकोरी देवी, पत्नी रेशमा देवी, दो बेटियां और एक बेटा हैं। छोटा भाई महेश शिक्षा विभाग में एलडीसी के पद पर कार्यरत है।

# सरदारशहर सरस डेयरी में टेंडर को लेकर चेयरमैन-एमडी आमने-सामने, पुलिस तैनात

**सरदारशहर (खबर आस पास)।** सरदारशहर स्थित सरस डेयरी में गुरुवार को टेंडर प्रक्रिया को लेकर चेयरमैन लालचंद मूंड और एमडी सुरेश कुमार चौधरी के बीच तीखा विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि डेयरी परिसर में भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। वहीं डेयरी के बाहर भी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा रही।

जानकारी के अनुसार विवाद डेयरी में गाड़ियां लगाने सहित विभिन्न निविदाओं को लेकर हुआ। चूरू जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, सरदारशहर द्वारा आगामी दो वर्षों के लिए दुग्ध एवं विपणन मार्गों पर दूध सप्लाई, सुरक्षाकर्मी उपलब्ध करवाने, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की पैकिंग, स्टैकिंग, लीकेज कार्य, कैरेट्स की छंटाई व धुलाई, दही इक्वेशन एवं डिस्पैच सहित कई कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की गई थीं।

इसके अलावा 02 केएल बॉयलर की खरीद एवं स्थापना तथा घी निर्माण और पैकिंग कार्य के लिए भी टेंडर प्रक्रिया जारी की गई थी। इन सभी निविदाओं को राजस्थान सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाना था।

**चेयरमैन बोले- डेयरी में भ्रष्टाचार की कोशिश**

डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड ने एमडी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डेयरी में भ्रष्टाचार का प्रयास किया जा रहा है और लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए और बिना पारदर्शिता के किसी भी कार्य को मंजूरी नहीं दी जाएगी।

मूंड ने यह भी कहा कि डेयरी को दूध उत्पादकों को अधिक भुगतान करना होगा, तभी किसान और पशुपालक सरस डेयरी से जुड़े रहेंगे।

**एमडी ने आरोपों को बताया निराधार**

वहीं डेयरी एमडी सुरेश कुमार चौधरी ने चेयरमैन के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि डेयरी में सभी कार्य नियमानुसार किए जा रहे हैं और टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के तहत संचालित हो रही है।

विवाद बढ़ने के बाद डेयरी परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरदारशहर पुलिस के एसआई जगदीश, एसआई अयूब खान सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर तैनात रहे। मामले को लेकर डेयरी से जुड़े लोगों और क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

# महर्षि दयानंद छात्रावास एवं वीर तेजा मेमोरियल ट्रस्ट, श्रीडूंगरगढ़ द्वारा आयोजित वीर तेजाजी कथा का भव्य शुभारंभ श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर तोलाराम मारू



(खबर आस पास)

वीर तेजाजी कथा से पूर्व विशाल कलश यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें 1108 से अधिक कन्याओं एवं महिलाओं ने मंगल कलश के साथ गणेश मंदिर बिगा बास श्रीडूंगरगढ़ से रवाना होकर मुख्य बाजार होते हुए तेजाजी मंदिर पहुंचे। रास्ते में तेजा भक्त बैंड ढोल नगाड़े की धुन झूमते रहे वहीं श्रद्धालूओ ने पुष्प वर्षा एवं जल सेवा की। कथा वाचिका विमला बाईसा जाखड़ ने रथ पर विराजमान होकर अपना सानिध्य दिया जिससे श्रद्धालुओं का जोश दुगना हो गया। मंगल कलश यात्रा तेजा मंदिर पहुंचने पर यात्रा में शामिल सभी कन्याओं ओर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद करवाया गया। तत्पश्चात कथा वाचिक विमला बाईसा ने व्यास गद्दी पर विराजमान होकर कथा का वाचन किया। वहीं पंडित कैलाश सारस्वत से हवन एवं पूजन किया। आज मुख्य यजमान के रूप श्री तुलची राम गोदारा ने सपत्नीक पूजा पाठ किया। श्री मंगला राम गोदारा, गोपाल सायच, चांद राम चाहर, केसरा राम गोदारा, राजेश मंडा,सीताराम सिंवर, भगवानराम माहिया, सीताराम बाना, गणेश पोटलिया, सोहनलाल माहिया, ओम जी बाना, गंग राम बाना, डूंगर राम गोदारा, सत्यनारायण बेरड, गोपाल गोदारा, हेत राम जाखड़, राजू चाहर, सुरजाराम चाहर, बुधमल शायच, माला राम शायच, रामप्रताप शायच, सही राम शायच, शंकर शायच, रेवत राम दुसाद, अंजू देवी पारख, मामराज गोदारा, खींया राम गोदारा, रामचंद्र जाखड, गणेश जाखड़, कुम्भा राम जाखड़, गयाना राम जयानी , हरि भादू कालू बाना, देवीलाल बाना, श्रवण भांबू, ओम जी सारण, सत्यप्रकाश बाना, किसना राम सारण,सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। भोजन व्यवस्था में काना राम चाहर, हनुमान महिया, रेवत राम शायच, पन्ना लाल डेलू, मोहन जी सारण, कुम्भा राम शायच, शिव रतन शायच, मनोज भादू, शंकर लाल शायच, श्याम जी सारण, चेतन जाखड़, ओम जाखड़ प्रकाश गोदारा सहित लोगो ने सेवा दी।

# गुरुवार को दोपहर बाद मौसम बदला और बारिश हुई



**जयपुर (खबर आस पास)।** राजस्थान में अलवर, टोंक और कोटपूतली-बहरोड़ जिले में गुरुवार को दोपहर बाद मौसम बदला और बारिश हुई। इस दौरान ओले भी गिरे। दौसा और सवाई माधोपुर में भी बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर थमने के बाद अब गर्मी फिर से बढ़ सकती है। बुधवार को प्रदेश के अधिकांश शहरों में आसमान साफ रहा और दिनभर तेज धूप खिली। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक का इजाफा हुआ।

पश्चिमी जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर ने राज्य में 9 मई से हीटवेव (लू) का एक नया दौर शुरू होने और तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई है। इस बीच 2 जिलों (भरतपुर और धौलपुर) में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

# ग्राम रथ अभियानः जिले की 25 ग्राम पंचायतों के 12 हजार से अधिक ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी*

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर 28 अप्रैल प्रारंभ हुए ग्राम रथ अभियान के तहत गुरुवार को जिले की 25 ग्राम पंचायत में 12 हजार 295 ग्रामीणों को ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट तथा राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। गांव-गांव पहुंचे ग्राम रथों ने कला जत्थों के कलाकारों के साथ पारंपरिक तरीके से राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। गुरुवार को लूणकरणसर विधानसभा के गारबदेसर, नाकोडेसर, रवासर, सहजरासर और कुजटी, नोखा के झाड़ेली, साजनवासी, काकड़ा, हिमटसर और थावरिया, श्रीडूंगरगढ़ के तोलियासर, जैसलसर, बिग्गा, कीतासर भाटियान और कीतासर बिदावतान, खाजूवाला के 25 केवाईडी, 3 पीडब्ल्यूएम, 34 केवाईडी, 40 केवाईडी, गुल्लूवाली और 2 केएलडी तथा कोलायत विधानसभा के खारिया मल्लिनाथ, हदा, खाखूसर, लबाना भाटिया और दासूड़ी में अभियान का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने ग्राम रथ का स्वागत किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर इसकी अगवानी की। इस दौरान ग्रामीणों को अभियान से जुड़े 13 विभागों के 29 हजार 713 प्रचार साहित्य वितरित किए गए।

# राजस्थान पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 84 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के तबादले



संदीप सारस्वत | अनुकृति उज्जैनिया

**जयपुर (खबर आस पास)।** राजस्थान सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 84 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) स्तर के अधिकारियों के तबादले किए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कई जिलों और पुलिस इकाइयों में अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जारी आदेश के अनुसार जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, पाली, अलवर, दौसा, श्रीगंगानगर, बूंदी, चित्तौड़गढ़ सहित कई जिलों में अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय, एसीबी, महिला अपराध अनुसंधान सेल, ट्रैफिक, सीआईडी-सीबी और आरएसी बटालियन में भी बदलाव किए गए हैं।

**बीकानेर और जोधपुर में भी बदलाव**

आदेश में बीकानेर और जोधपुर रेंज में भी कई अधिकारियों की पोस्टिंग बदली गई है। श्री रघुवीर प्रसाद को श्रीगंगानगर से सीआईडी-सीबी रेंज सेल बीकानेर लगाया गया है, जबकि दीपक कुमार शर्मा को बीकानेर रेंज सेल से श्रीगंगानगर भेजा गया है। वहीं जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट और अभय कमांड सेंटर में भी अधिकारियों की नई नियुक्तियां की गई हैं। महिला अपराध अनुसंधान सेल और ट्रैफिक शाखा में भी फेरबदल देखने को मिला है।

**नव पदोन्नत अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी**

सरकार ने नव पदोन्नत अधिकारियों को भी नई पोस्टिंग दी है। इनमें कई डीएसपी और सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर लगाया गया है। आदेश में पुलिस मुख्यालय, आरएसी बटालियन, महिला सुरक्षा और जांच शाखाओं में भी नई नियुक्तियां शामिल हैं। गृह विभाग द्वारा जारी यह तबादला सूची तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। आदेश संयुक्त शासन सचिव (पुलिस) मनीष गोयल द्वारा जारी किए गए हैं।

# औषधि नियंत्रण विभाग की बड़ी कार्यवाहीः नशे में दुरुपयोग होने वाली 6 लाख से अधिक राशि की औषधियां जब्त

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा नशे में दुरुपयोग होने वाली औषधियों के अवैध भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए रूपये 6 लाख से अधिक मूल्य की विभिन्न औषधियां जब्त की गई हैं। औषधि नियंत्रण अधिकारी नरोत्तम देव बारोठिया ने बताया कि पुलिस जाब्ते के साथ घड़सीसर रोड पर आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के पास स्थित एक मकान में देर रात दबिश दी गई। जहां बिना वैध औषधि अनुज्ञापत्र एवं बिना क्रय-विक्रय अभिलेखों के नशे में दुरुपयोग होने वाली औषधियों का अवैध भंडारण किया जाना पाया गया।



उन्होंने बताया कि मौके पर विपिन कुमार से प्रीगाबालिन 300 एमजी कैप्सूल, टपेंटाडोल टेबलेट सहित विभिन्न प्रकार की कुल 14 श्रेणी की औषधियां बरामद की गई। संबंधित व्यक्ति मौके पर औषधियों के क्रय बिल, विक्रय विवरण एवं ड्रग लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसलिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 22(1) (सीसीए), 18ए एवं 18बी के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर नमूने परीक्षण हेतु लेकर नियमानुसार औषधियों को जब्त कर सीलबंद किया गया।

कार्रवाई के दौरान औषधि नियन्त्रण अधिकारी जितेन्द्र कुमार बोथरा का सहयोग रहा। विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि बिना चिकित्सकीय परामर्श एवं बिना अधिकृत विक्रेता से औषधियां क्रय न करें तथा नशे में दुरुपयोग होने वाली औषधियों के अवैध व्यापार की सूचना विभाग अथवा पुलिस को तत्काल दें।